संख्या-55/2019/1062/छप्पन-2019-43/2015

प्रेषक,

डॉ0 सत्य प्रकाश तिवारी,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
नागरिक उड्डयन,
उ0प्र0, लखनऊ।

नागरिक उड्डयन अनुभाग लखनऊ : दिनांक : 18 जून, 2019

विषय :राजकीय अगुस्ता हेलीकॉप्टर, वी0टी0-यू0पी0एल0 के अनुरक्षण कार्य हेतु एक Vertical Gyro, part no. 46060-11 एक्सचेंज के आधार पर क्रय करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासनादेश संख्या-19/2017/152/छप्पन-2017-43/2015 दिनांक 23 फरवरी, 2017, शुद्धि पत्र संख्या-25/2017/301/छप्पन-2017-43/2015 दिनांक 10 मार्च, 2017 एवं शुद्धि पत्र संख्या-31/2017/364/छप्पन-2017-43/2015 दिनांक 28 मार्च, 2017 के सन्दर्भ में आपके पत्र संख्या-114/ना0उ0नि0/इंजी/ए-2/2018(पी) दिनांक 22 मई, 2019 में किए गए प्रस्ताव के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उक्त सन्दर्भित शासनादेशों द्वारा राजकीय अगुस्ता हेलीकॉप्टर, वी0टी0-यू0पी0एल0 के उपयोगार्थ पुर्जा Vertical Gyro, part no. 46060-11 मात्रा-01 एक्सचेन्ज के आधार पर क्रय करने हेतु यू.एस. डालर 52955.49 भारतीय मुद्रा में रूपए 37,06,880.00 मात्र की अग्रिम भुगतान की स्वीकृति प्रदान की गई थी। चूंकि उक्त इंगित पुर्जा निर्माता के पास रिपेयर्ड कन्डीशन में ही उपलब्ध था, अत: कार्यहित में निर्माता मेसर्स लियोनार्डो एसपीए, इटली से Vertical Gyro, part no. 46060-11 मात्रा-01 Repaired Condition में क्रय कर लिया गया, जिसका मूल्य यू.एस. डालर-37087.50 है तथा अवशेष धनराशि यू.एस. डालर-15867.99 निर्माता कम्पनी द्वारा क्रेडिट मेमो के रूप में उपलब्ध कराई जाएगी। उक्त सन्दर्भित शासनादेशों द्वारा इंगित पुर्जे का New Condition मूल्य यू.एस. डालर-52955.49 की स्वीकृति निर्गत की गई है जबकि क्रय किए गए इंगित पुर्जे का Repaired Condition मूल्य यू.एस. डालर-37087.50 है, इस प्रकार मूल्य में कुल यू.एस. डालर-15867.99 का अन्तर आ रहा है। उक्त के परिप्रेक्ष्य में राजकीय अगुस्ता हेलीकॉप्टर, वी0टी0-यू0पी0एल0 के अनुरक्षण कार्य हेतु एक Vertical Gyro, part no. 46060-11 मात्रा-01 Repaired Condition क्रय किए जाने की कार्योत्तर स्वीकृति एवं इसके फलस्वरूप क्रेडिट मेमो यू.एस. डालर-15867.99 का समायोजन नागरिक उड्डयन निदेशालय द्वारा मेसर्स लियोनार्डो एसपीए, इटली को निर्गत किए जाने वाले अन्य क्रय आदेशों से किए जाने की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की जानी हैं। अत: राज्यपाल महोदय राजकीय अगुस्ता हेलीकॉप्टर, वी0टी0-यू0पी0एल0 के अनुरक्षण कार्य हेतु एक Vertical Gyro, part no. 46060-11 मात्रा-01 New Condition के स्थान पर Repaired Condition में क्रय किए जाने की कार्योत्तर स्वीकृति एवं इसके फलस्वरूप नए यूनिट एवं रिपेयर्ड

2/--

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।

यूनिट के मूल्य में आ रहे अन्तर यू.एस. डालर-15867.99 के क्रेडिट मेमो संख्या-1307030707-2018 दिनांक 13 सितम्बर, 2018 का समायोजन नागरिक उड्डयन निदेशालय द्वारा मेसर्स लियोनार्डो एसपीए, इटली को भविष्य में निर्गत किए जाने वाले अन्य क्रय आदेशों/इन्वाइस के भुगतान से किए जाने की प्रशासकीय स्वीकृति सहर्ष प्रदान करते हैं।

2- निर्माता फर्म से प्राप्त यू.एस. डालर-15867.99 के क्रेडिट मेमो का समायोजन नागरिक उड्डयन निदेशालय द्वारा अन्य क्रय आदेशों से किया जाए तथा समायोजन के पश्चात इसकी सूचना शासन को दी जाए।

3- यह आदेश वित्त विभाग के अशा0 संख्या- 491/ई-7-2019 दिनांक 17 जून, 2019 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किए जा रहे हैं।

भवदीय,
डॉ0 सत्य प्रकाश तिवारी
अनु सचिव

<u>पृ0सं0-55/2019/1062(1)/छप्पन-2019-तद् दिनांक।</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम, उ0प्र0, प्रयागराज।
2- उप महालेखाकार ई0एस0।।। आडिट भवन, टी0सी0-ई0वी-।, विभूति खण्ड गोमती नगर, लखनऊ-।0
3- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
4- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-7/ वित्त (लेखा) अनुभाग-1/2
5- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
डॉ0 सत्य प्रकाश तिवारी
अनु सचिव

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।